राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर

# कार्यशाला रिपोर्ट - गृहविज्ञान विभाग

दिनांक 16-18 फरवरी 2018 को पी डी लाइट एवं गृह विज्ञान के संयुक्त तत्वाधान में हैंडीक्राफ्ट विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 150 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। यह कार्यक्रम 6 सत्रों में संपादित हुआ। दिनांक 16 फरवरी 18 का प्रथम सत्र उद्घाटन सत्र जिस के मुख्य अतिथि अंबरीश चौबे पूर्व आई एफ एस अधिकारी रहे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ वंदना कुमारी ने सबका स्वागत करते हुए इस कार्यशाला की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

पी डी लाइट गाजीपुर की प्रतिनिधि सारिका सुमन ने कहा कि कि यह कार्यशाला हाथ से बनी वस्तुओं के निर्माण से संबंधित है। आगे के सत्रों में हम इस पर चर्चा करेंगे और इसके उपयोग के विधियों को पढ़कर उसका निर्माण करेंगे मुख्य अतिथि अंबरीश चौबे ने कहा कि यह वर्कशॉप छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए प्राचार्य जी ने कहा कि महाविद्यालय में इस प्रकार के अवसर होते रहने चाहिए।

द्वितीय सत्र में डाई डाई के प्रयोग में बताया गया प्रतिभागी छात्राओं ने घर से लाए अपने चादर एवं दुपट्टे को रंगीन एवं डिजाइनदार बनाने की तकनीक को सीखा। दिनांक 17 फरवरी को प्रथम सत्र में रंग बनाने एवं डिजाइन बनाने की तकनीक से प्रतिभागियों को परिचित कराया गया तथा दूसरे सत्र में छात्राओं ने स्वयं से रंग बनाकर दुपट्टे एवं चादरों पर अपने अपने पसंद के डिजाइन बनाए। दिनांक 18 फरवरी के प्रथम सत्र में मिट्टी के पॉट का रंग रोगन, पैन स्टैंड निर्माण तथा वाल हैंगिंग क्रॉफ्ट निर्माण की तकनीक से परिचित कराया गया तथा दूसरे सत्र में प्रतिभागियों द्वारा निर्मित सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई तथा प्राचार्य जी द्वारा गृह विज्ञान विभाग एवं पी डी लाइट के प्रभारी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

19-02-018

प्राचार्य
राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गाजीपुर